अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली , सोमवार,22 दिसंबर 2025

PAGE NO : IV BOTTOM

# एसआरएमएस रिद्धिमा में हुआ रूहदारियां कार्यक्रम





**बरेली, अमृत विचार :** एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार शाम रूहदारियां यानी आत्मा का दरिया कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें गायन गुरुओं और विद्यार्थियों के साथ कथक और भरतनाट्यम के विद्यार्थियों ने भी जुगलबंदी की। कार्यक्रम का आरंभ इंस्ट्रूमेंटल गुरु पवन भारद्वाज ने किया और हारमोनियम के माध्यम से गीत अपनी तस्वीर को आंखों से लगाता क्या है को अपनी आवाज दी। वंदना दुग्गल खन्ना और शालिनी पांडेय ने कहां हो तुम चले आओ गीत का गायन किया। रूहदारियां की अंतिम प्रस्तुति में सात्विक मिश्रा और विशेष सिंह ने गिटार से मंच पर पंजाबी लोकगीत दम नाल दम भरांगी राज ना दे को श्रोताओं के सामने प्रस्तुत किया। विद्यार्थी क्षमा अग्रवाल, नित्या जैन और आराध्या जोशी ने इस गीत को अपने भावपूर्ण नृत्य से दर्शनीय बनाया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनुज कुमार ने किया। इस अवसर पर ट्रस्ट के संस्थापक देव मूर्ति, आशा मूर्ति, देविशा मूर्ति, उषा गुप्ता, सुभाष मेहरा, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. पीके परडल, डॉ. आलोक खरे, डॉ. आशीष कुमार आदि मौजूद रहे।